आकाशवाणी श्री विजयपुरम

05.02.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। कहा– संगम पर स्नान करना एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है।
- अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्कूली विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन।
- श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से खिलाड़ियों के प्रवेश चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।
- एम वी नालंदा अब सात फरवरी की बजाय आठ फरवरी को कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए श्री विजयपुरम के लिए प्रस्थान करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि संगम पर स्नान करना एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह वे भी भक्ति की भावना से भर गए। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज स्कूली विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने न्यायालय परिसर का दौरा किया। कलकत्ता उच्च न्यायालय, पोर्ट ब्लेयर के सर्किट बेंच के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को न्यायालय प्रक्रियाओं एवं बच्चों के लिए बाल–मित्रवत विधिक सेवा योजना, दो हजार चौबीस तथा बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय, सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर के रजिस्ट्रार भवानी शंकर शर्मा ने छात्रों से बातचीत की। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को मूल्यवान कानूनी जानकारी प्रदान की।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से "फलों के मूल्य संवर्धन" विषय पर आज एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभागीय फल संरक्षण इकाई, हैडो में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी पहलुओं के साथ अदरक और कैरम्बोला के मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उत्पादों की गुणवत्ता, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन की तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई। एफ पी इकाई की प्रभारी गुलशन बीबी ने इकाई के कामकाज और आय बढ़ाने के लिए फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एफ एस एस ए आई प्रमाणीकरण के बारे में भी बताया, जो उनकी उपज की गुणवत्ता की पहचान के लिए अनिवार्य है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी उपज के लिए एफ एस एस ए आई के साथ पंजीकरण कराने की सलाह दी। इस अवसर पर सदस्यों ने अदरक कैंडी और कैरम्बोला स्क्वैश तैयार किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण आवासीय योजना के तहत खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। दस फरवरी को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम स्थित साई परिसर, में दस से चौदह वर्ष की आयु वर्ग के लिए चयन ट्रायल आयोजित करने जा रहा है। इस चयन ट्रायल में लड़कियों को रोइंग, कयाकिंग, कैनोइंग और फुटबॉल में शामिल किया जाएगा। जो बच्चे निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं और जिला, राज्य और स्कूली स्तर पर पदक विजेता हैं, उन्हें चयन ट्रायल में प्राथमिकता दी जाएगी। चयन साई के कोचों द्वारा आयोजित शारीरिक परीक्षण के आधार पर होगा।

चयन ट्रायल से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए साई को ई–मेल कर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में एकल इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के कई उत्पादों के निर्माण, वितरण, बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगाई जा रही है। सभी उत्पादकों, स्टॉकिस्ट, खुदरा विक्रेताओं, दुकानदारों, ई–कॉमर्स कंपनियों, स्ट्रीट वेंडर्स, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और आम जनता से चिन्हित एकल इस्तेमाल में आने वाले प्लास्टिक के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को रोकने का आग्रह किया गया है। इसमें प्लास्टिक के झंडे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक, सजावट के लिए थर्मोकोल, प्लेट, कप, गिलास, बोतल, शैम्पू–मसालो के पाउच, लाइटर, कटलरी, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डिब्बों, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट के पैकेटों के चारों ओर लपेटने या पैकिंग करने वाली फिल्म शामिल हैं। सौ माइक्रोन से कम के पी. वी. सी बैनरों पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा। अण्डमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम दो हजार सोलह का हवाला देते हुए इस संबंध में नोटिस जारी कर जनता सहित सभी संबंधितो को सूचित किया है। ई–कॉमर्स वेबसाइट पर भी एकल इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के उत्पादो की बिक्री के विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर उल्लंघनकर्ताओं पर उचित कार्रवाई की जा सकती है।

<><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से एम वी नालंदा की सात फरवरी की कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए श्री विजयपुरम की यात्रा में फेरबदल किया गया है। अब यह जलयान आठ फरवरी को सुबह सात बजे कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए श्री विजयपुरम पहुंचेगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है। इस पहल का उद्देश्य अनाधिकृत संरचनाओं को हटाना और सरकारी भूमि तथा सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त करना है। श्री विजयपुरम के सिस्टी नगर में सड़क के किनारे एक नवनिर्मित पार्किंग शेड को नष्ट दिया गया और राजस्व क्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा पचास वर्ग मीटर राजस्व भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

<><><><><><>